01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में रिकॉर्ड संख्या में शामिल हुए बिहार समेत अन्य राज्यों के प्रतिनिधि।

02. आतंकवाद के खिलाफ भारत का रूख रखने के लिए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल जर्मनी पहुंचा।

03. मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान कटिहार, बांका और भागलपुर जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। दक्षिण–पश्चिम मॉनसून ने समय से पहले केरल में दी दस्तक।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों से केंद्र प्रायोजित योजनाओं को को प्रभावी ढंग से लागू करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने राज्यों से कहा कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक राज्य एक वैश्विक गंतव्य के अंतर्गत सभी राज्य अपने यहां सुविधाएं और बुनियादी ढांचा विकसित करें। इससे आस–पास के क्षेत्रों का भी समूचित विकास होगा। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी राज्य के विकास को लेकर अपना पक्ष रखा। श्री कुमार ने कहा कि राज्यों में आधारभूत संरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। नीति आयोग की बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केन्द्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल हुए।

---

नीति आयोग के सीईओ बी. भी. आर. सुब्रमणयम ने कहा है कि आयोग की शासी परिषद की बैठक में इकतीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने

भाग लिया है। श्री सुब्रमणयम ने कहा कि ये आयोग की किसी बैठक में शामिल होने वाले सदस्यों की अबतक की सबसे बड़ी संख्या है।

———————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ भारत का रूख रखने के लिए जर्मनी पहुंचे भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि आतंकवादी घटनाओं से पाकिस्तान का सीधा संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरे भारत को एक स्वर में बोलने की आवश्यकता है।

———बाइट———

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कूटनीति की बहुत बड़ी भूमिका होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के चुने हुए प्रतिनिधियों का शिष्टमंडल साझेदार देशों में भेजकर आतंक के सरपरस्त पाकिस्तान को बेनकाब करने की सफल नीति बनाई है।

———बाइट———

———————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित लांस नायक अल्बर्ट इक्का को स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने 1971 के भारत–पाक युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था।

———रिपोर्ट———

1942 में रांची में जन्मे लॉस्क नायक एल्बर्ट एक्का का दिसम्बर 1962 में 14 गार्डस में भर्ती हुए थे। 1971 में भारत पाकिस्तानी युद्ध के दौरान 14 गार्डस को पूर्वी क्षेत्र में अगरतला से साढे छह किलोमीटर पश्चिम में गंगा सागर में एक पाकिस्तानी ठिकाने पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। 14 गार्डस ने दुश्मन के ठिकानों पर हमला किया और हमलावर भारतीय सैनिकों पर दुश्मनों की ओर से छोटे हथियारों से भारी गोलीबारी की गई। लॉस्क नायक एका ने देखा कि एक दुश्मन की मशीनगन बंकर से घातक गोलीबारी कर रही थी। जिससे उनकी कंपनी को भारी नुकसान हो रहा था। अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने बंकर पर हमला किया और दुश्मन के दो जवानों को मार गिराया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद लॉस नायक अल्बर्ट एका ने दुश्मन के बंकर पर आक्रमण जारी रखा। जब वह अपने साथियों के साथ लक्ष्य के उत्तरी छोर पर पहुंचे तो एक इमारत से दुश्मन ने मशीनगन से गोलीबारी की जिससे भारी नुकसान हुआ। एक बार फिर लॉस नायक एल्बर्ट एक्का आगे बढते हुए इमारत में रैंगते हुए गए और बंकर पर एक ग्रेनेट फैंका जिससे एक दुश्मन सैनिक मारा गया और दूसरा घायल हो गया। जिससे इनकी कंपनी को और अधिक हताहत होने से बचाया गया और सफलता सुनिश्चत हुई। युद्ध के दौरान लगी चोटों के कारण लॉन्स लायक एल्बर्ट एका शहीद हो गए। विशिष्ट वीरता और दृढ़ संकल्प प्रदर्शित करने के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ बाईसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————————————

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दावा किया है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत होगी। श्री राय ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के दलों को राज्य के विकास से कोई मतलब नहीं है। श्री राय ने कहा कि चुनाव में जनता इन्हें इनकी असली जगह पहुंचा देगी।

———बाइट———

————————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में आंधी, बारिश की स्थिति बनी हुई है। विभिन्न जिलों प्री–मॉनसून वर्षा से मौसम सुहाना बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व के भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान कटिहार, बांका और भागलपुर जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

———बाइट———

————————————————————————————

इधर, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून पिछले सोलह वर्ष में पहली बार आज केरल में अपनी निर्धारित तिथि से आठ दिन पहले पहुंच गया है। केरल में मॉनसून सामान्य रूप

से पहली जून तक पहुंचता है। मौसम विभाग ने कहा है कि इससे पहले केरल में साल दो हजार नौ में मॉनसून समय से पहले आया था।

——————————————————————————————

निगरानी विभाग की टीम ने सासाराम अंचल कार्यालय में कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटर आकाश कुमार दास को एक लाख दस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। प्रतापगढ़ के युवक पंकज कुमार की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। पंकज ने आरोप लगया है कि डीसीएलआर के आदेश के बावजूद अंचलाधिकारी राकेश ओंकार दाखिल खारिज के लिए एक लाख दस हजार रूपये रिश्वत की मांग कर रहा था। निगरानी के डीएसपी अमरेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी ने बताया कहा कि अंचलाधिकारी की संलिप्तता की जांच की जा रही है। इधर, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना की टीम ने मधुबनी जिले के जयनगर अंचल के सीआाई अजय कुमार मंडल को तीन लाख रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

——————————————————————————————

बक्सर जिले के अकबरपुर पंचायत के अहियापुर गांव में आज तड़के हथियारबंद अपराधियों ने एक ही परिवार के तीन लोगों की गोलीमार कर हत्या कर दी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि गोलीबारी में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक अन्य गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान बनारस के एक अस्पताल में मौत की खबर है। वहीं, गम्भीर रूप से घायल दो अन्य व्यक्ति का बनारस में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार घटना का कारण पुरानी रंजिश है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

——————————————————————————————

इधर, भागलपुर जिले में पुलिस और एसटीएफ ने नवगछिया के रंगरा थाना क्षेत्र में मुरली सुनैरा धार के पास एक मुठभेड़ के दौरान कुख्यात अपराधी सनोज मंडल उर्फ गुरूदेव मंडल को मार गिराया। हालांकि उसके छह सहयोगी फरार हो गए। पुलिस को मारे गए अपराधी की कई संगीन मामलों में लंबे समय से तलाश थी। मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने एक कारवाईन और एक देशी कट्टा बरामद की है।

——————————————————————————————

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आगामी इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा कर दी है। शुभमन गिल को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि ऋषभ पंत उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम पहली टेस्ट क्रिकेट श्रृंखला खेलेगी।

——————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रही रणधीर वर्मा अंडर–19 क्रिकेट ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में पटना की जमुई से भिड़ंत होगी। आज खेले गये दूसरे सेमीफाइनल में जमुई ने भोजपुर को आठ विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में जमुई ने टॉस जितने के बाद पहले गेंदबाजी करते हुए प्रभावी प्रदर्शन किया। खिताबी मुकाबला कल मोईन–उल–हक़ स्टेडियम, पटना में पटना और जमुई के बीच सुबह नौ बजे से खेला जाएगा।

——————————————————————

सीवान जिले के जीबी नगर थाना क्षेत्र के अफराद गांव के पास आज सुबह एक ट्रक और कार के बीच सीधी टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

पश्चिम चम्पारण जिले के सिकटी थाना क्षेत्र से एसएसबी और पुलिस की संयुक्त छापेमारी के दौरान पांच करोड़ रूपये मूल्य की पच्चीस किलो चरस जब्त की गई है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बेगूसराय जिले में पुलिस और चीता बल की संयुक्त कार्रवाई मे लोहियानगर थाना क्षेत्र से दस हजार रूपये के इनामी अपराधी अवधेश सहनी को गिरफ्तार किया है।

शेखपुरा जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने अभियान चलाकर नौ शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में रिकॉर्ड संख्या में शामिल हुए बिहार समेत अन्य राज्यों के प्रतिनिधि।

02. आतंकवाद के खिलाफ भारत का रूख रखने के लिए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल जर्मनी पहुंचा।

03. मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान कटिहार, बांका और भागलपुर जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। दक्षिण–पश्चिम मॉनसून ने समय से पहले केरल में दी दस्तक।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।